तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि

रायपुर, गुरुवार 8 मई 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

छुट्टियां व शादी के चलते लोकल रुट की बसों में भीड़, ठूंसे जा रहे ... 12



श्रीमद भागवत के श्रोता सुदामा जी के चरित को सुनकर... 14



## खबर संक्षेप

### शादी से किया इंकार तो प्रेमिका ने लगाई फांसी

**भिलाई।** प्रेमी के शादी से इंकार करने के बाद नाबालिग प्रेमिका ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। घटना के बाद नबालिग के परिजनों ने मंगलवार को मोहन नगर थाना पहुंचकर घेराव कर प्रेमी की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। मोहन नगर पुलिस ने बताया कि प्रेमी और प्रेमिका दोनों नाबालिग है। 27 अप्रैल को प्रेमी-प्रेमिका को लेकर कहीं गया था। उसके बाद वो प्रमिका को रात में उसके घर छोड़ दिया। इसकी जानकारी लगने पर प्रेमिका के परिजनों ने उसे काफी डांट लगाई थी। प्रेमिका के परिजनों ने कहा कि उनकी बेटी एक लड़के से प्यार करती थी। दोनों की शादी के लिए लड़का ने परिजनों से बात की, लेकिन उन्होंने शादी करने से मना कर दिया। इससे उनकी बेटी दुखी और गुमसुम रह रही थी। सोमवार को उसने अपने कमरे में जाकर फांसी लगा ली। यदि दोनों की शादी के लिए हामी हो जाते तो उनकी बेटी जिंदा होती। परिजनों ने बेटी की मौत के लिए लड़के के परिजनों को जिम्मेदार ठहराते हुए कार्रवाई की मांग की है।

### हत्या का फरार आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** शराब पीकर गाली गलौज कर हत्या करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 103(1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि मोहन ताम्रकार के हत्याकांड मामले में फरार आरोपी डोमेश्वर ठाकुर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी मृतक के घर के पास बैठकर नशे की हालत में गाली गलौज करता था। इस लेकर मोहन ताम्रकार ने मना किया लेकिन आक्रोश में आकर आरोपी ने शराब की बोतल को पत्थर में तोड़कर वार कर मौत के घटा उतार दिया। घटना 5 मई की शाम की है। घटना को अंजाम देकर आरोपी फरार हो गया था। पुलिस ने थाना प्रभारी आनंद शुक्ला के नेतृत्व में टीम बनाई गई। आरोपी डोमेश्वर ठाकुर को गिरफ्तार किया गया।

### शहर के कई वार्ड पुराने ट्रांसफार्मर के भरोसे

**राजनांदगांव।** अक्सर गर्मी के दिनों में ट्रांसफार्मर में आग लगने की समस्या के चलते घंटों बिजली बंद होने पर भीषण गर्मी के बीच लोगों को हलाकान होना पड़ता है। गर्मी से पूर्व शहर के अलग-अलग क्षेत्र में ट्रांसफार्मर पर पड़ने वाले लोड को लेकर इंतजाम नहीं किए जाने के चलते, खपत के अनुसार पुराने और छोटे ट्रांसफार्मरों को नहीं बदलने की वजह से गर्मी के बीच बार-बार बिजली बंद होने का सिलसिला शुरू हो गया है। शहर के कई वार्ड ऐसे हैं, जहां नई आबादी बस रही है। इन क्षेत्रों में भी पुराने लोड के अनुसार ही ट्रांसफार्मर लगे हुए हैं। शहर में गर्मी से पूर्व ही सैकड़ों एसी की बिक्री हो जाती है। ऐसे में जिन घरों में कूलर है, वहां एसी लगने से विद्युत की खपत बढ़ रही है। जिससे क्षमता से अधिक लोड ट्रांसफार्मर पर पड़ रहा है।

# शासकीय हाईस्कूल लावातरा में जनसहयोग से अहाता और प्रवेश द्वार का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

लहरों से डर कर नौका पार नहीं होती, कोशिश करने वालों की हार नहीं होती। इस पंक्ति को बेरला विकासखंड के शासकीय हाईस्कूल लावातरा के शिक्षकों ने सिद्ध करके दिखाया है। जिन्होंने विद्यालय की 6 एकड़ जमीन में जनसहयोग से लगभग 1600 मीटर जालीतार युक्त अहाता एवं प्रवेश द्वार का निर्माण कर जनभागीदारी का अनूठी मिशाल पेश की है। एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। जिसका उद्घाटन ग्राम पंचायत लावातरा की नवनिर्वाचित सरपंच सुनीता साहू, उपसरपंच गणपत साहू, अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति सेवक राम साहू के करकमलों से संपन्न हुआ।

## जनभागीदारी का अनुकरणीय मिसाल दिया, स्कूल की सुरक्षा बढ़ी



### सहयोग राशि मिली

इस जालीतार युक्त अहाता और प्रवेश द्वार के निर्माण में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला लावातरा के प्रधान पाठक पुष्कर कुमार परगनिहा, शासकीय हाई स्कूल लावातरा के प्राचार्य रविशंकर देशलहरे, व्याख्यातागण भुवन लाल साहू, अनुज राम साहू, दोजेन्द्र साहू पूर्व पंच एवं बेदराम साहू का विशेष प्रयास एवं योगदान रहा।विद्यालय के व्याख्याता भुवन लाल साहू ने बताया कि लगभग 1600 मीटर जालीतार युक्त अहाता एवं प्रवेश द्वार निर्माण के लिए शिक्षकों के द्वारा लगभग 160000 रु. चंदा इकट्ठा किया गया। जिसमें पुष्कर कुमार परगनिहा प्रधानपाठक पूर्व माध्यमिक शाला द्वारा सर्वाधिक 25000 रुपये, ग्राम पंचायत लावातरा के पूर्व सरपंच सीता बाई कुर्रे एवं सचिव केहर सिंह साहू ने पंचायत फंड से लोहे का प्रवेश द्वार, समस्त ग्रामवासियों तथा विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने यथाशक्ति आर्थिक सहयोग प्रदान किया।

**असामाजिक तत्वों की बेजा हरकत से मिलेगी निजात:** अहाता निर्माण के अभाव में असामाजिक तत्व स्कूल की छुट्टी के बाद आकर विद्यालय की खिड़की - दरवाजों एवं लाइट को तोड़फोड़ देते थे। शाम के समय में शराबी लोग विद्यालय के पास बैठकर शराब पीते थे एवं शराब की शीशी को वही तोड़ देते थे साथ ही गंदगी फैला के चले जाते थे। जिससे प्रतिदिन साफ सफाई में परेशानी होती थी। कभी कभी शरारती तत्वों एवं पशुओं के द्वारा विद्यालय परिसर में लगाए पौधों को भी नुकसान पहुंचाया जाता था। विद्यालय के आसपास अतिक्रमण भी होने लगा था। लावातरा में सत्र 2011-12 से हाई स्कूल संचालित है। मंत्री, विधायक, जनप्रतिनिधियों ▶▶| शेष पेज 13 पर

**परीणाम**

**शिक्षा के क्षेत्र में रचा नया इतिहास वैशाली साहू और अविनाश साहू बने जिले के गौरव**

# हाई एवं हायर सेकंडरी के टापटेन की सूची में बेमेतरा के 6 विद्यार्थी शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा घोषित हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षाओं के परिणामों में बेमेतरा जिले ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। जिले के 6 विद्यार्थियों ने प्रदेश की टॉप 10 मेरिट सूची में स्थान बनाकर जिले का मान बढ़ाया है। इस सूची में सबसे खास नाम रहे वैशाली साहू और अविनाश साहू, जिन्होंने प्रदेश स्तर पर क्रमशः तीसरा और चौथा स्थान प्राप्त किया।

■ प्रदेश में तीसरा और चौथा स्थान प्राप्त पर बनाया स्थान

### कलेक्टर बनना है लक्ष्य: वैशाली साहू

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, बेरला की छात्रा कु. वैशाली साहू, पिता खेमराज साहू, ने 97.20% अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम और प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। वैशाली ने बताया कि वह स्कूल समय के अलावा घर पर प्रतिदिन 5 घंटे नियमित ▶▶| शेष पेज 13 पर













### हरसंभव सहयोग दिया जाएगा : विधायक साहू



**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 10 वी 12वीं बोर्ड परीक्षा 2025 के परिणामों की घोषणा के साथ ही बेमेतरा जिले के लिए एक गर्व का क्षण सामने आया। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, बेरला की छात्रा वैशाली साहू ने 97.20 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रदेश की मेरिट सूची में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि की सूचना मिलते ही विधायक दीपेश साहू छात्रा वैशाली के ग्राम ताकम स्थित निवास पहुंचे और उन्हें मिठाई खिलाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विधायक श्री साहू ने छात्रा की सफलता की सराहना करते हुए कहा बेमेतरा की बेटी वैशाली साहू ने अपनी मेहनत, समर्पण और दृढ़ इच्छाशक्ति से पूरे प्रदेश में जिले का नाम रोशन किया है। ▶▶| शेष पेज 13 पर

# समाधान शिविर खेड़ा में भ्रष्टाचार उजागर, तीन पंचायत कर्मी बर्खास्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/नवागढ़

जनपद पंचायत नवागढ़ के अंतर्गत ग्राम पंचायत खेड़ा में आयोजित समाधान शिविर के दौरान प्राप्त शिकायतों ने एक बार फिर पंचायत स्तर पर फैले भ्रष्टाचार की परतें उधेड़ीं। शिविर में प्राप्त शिकायतों की जांच के बाद प्रशासन ने कठोर कार्रवाई करते हुए दो रोजगार सहायकों और एक आवास मित्र को सेवा से पृथक कर दिया है। दरअसल ग्राम पंचायत एरमशाही में पदस्थ रोजगार सहायक ईश्वरी साहू पर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभ दिलाने के लिए हितग्राही से 10,000 रुपये की मांग व वसूली का गंभीर आरोप लगा था। शिकायत की पुष्टि ग्रामीणों के बयानों और ऑडियो प्रमाणों से हुई। जांच में दोष सिद्ध होने के बाद उन्हें छत्तीसगढ़ संविदा भर्ती नियम 2012 तथा सिविल सेवा आचरण अधिनियम 1965 के तहत सेवा से पृथक कर दिया गया।

■ ईश्वरी साहू, नारायण साहू और नीरा साहू पर लाभार्थियों से अवैध वसूली के आरोप सिद्ध

### पंचायत कार्य में अनधिकृत दखल

ग्राम पंचायत तेन्दुवा में कार्यरत रोजगार सहायक नारायण साहू के विरुद्ध भी ग्राम पंचायत एरमशाही में अवैध वसूली और पंचायत कार्यों में अनधिकृत हस्तक्षेप की शिकायत प्राप्त हुई थी। जांच में आरोप सत्य पाए जाने पर उन्हें भी सेवा से मुक्त कर दिया गया।

### 25 हजार की मांग पर गई नीरा साहू की नौकरी

एरमशाही की ही आवास मित्र नीरा साहू पर आवास किश्त जारी करने के बदले 25,000 रुपये की मांग का आरोप लगाया गया था। ऑडियो साक्ष्य और स्वयं उनके द्वारा स्वीकारोक्ति के बाद दोष सिद्ध हुआ। उन्हें भी तत्काल प्रभाव से सेवा से पृथक कर दिया गया।

**जनपद प्रशासन की सख्त चेतावनी:** जनपद पंचायत नवागढ़ प्रभारी सीईओ सुरेश कंवर ने कहा कि हितग्राहियों को शासकीय ▶▶| शेष पेज 13 पर

# छग अधिकारी-कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन के वर्मा बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राज्य शासन के पेंशनरों की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रदेश अध्यक्ष पीआर यादव ने छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन का पंजीयन कराकर कर्मचारी भवन रायपुर में प्रदेश कार्यकारिणी व जिला अध्यक्ष की घोषणा की है। इस दौरान बेमेतरा जिला से सेवानिवृत्त ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी आरके वर्मा को छत्तीसगढ़ अधिकारी-कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन का जिला अध्यक्ष बनाया गया।

एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष पीआर यादव ने बताया कि राज्य के शासकीय पेंशनर्स की आर्थिक, सामाजिक एवं चिकित्सा संबंधी समस्याओं का समय सीमा में निराकरण नहीं होने के करण एक सशक्त संगठन की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। इसीलिए छत्तीसगढ़ अधिकारी-कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन का गठन किया गया है।



■ पेंशनरों की समस्याओं के निराकरण के लिए किया जाएगा हरसंभव प्रयास

**पेंशनर्स की मांगों के लिए एसोसिएशन करेगा सार्थक प्रयास : यादव :** एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष पीआर यादव ने बताया कि पेंशनर्स की मांग है कि सेवारत कर्मचारियों के साथ ही महंगाई भत्ता दिया जाय, पेंशनरों को कैशलेश इलाज की सुविधा एवं सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों का समय सीमा में पेंशन प्रकरण निराकरण हो इसके लिए एसोसिएशन सार्थक प्रयास करेगा।

यादव ने कहा कि केंद्र सरकार ने आठवें वेतन आयोग गठन की घोषणा कर दी है साथ ही एक परिपत्र जारी कर उल्लेख किया है कि आठवें वेतन आयोग का लाभ पेंशनरों को नहीं मिलेगा ऐसी स्थिति में पेंशनरों की सामाजिक सुरक्षा खतरे में पड़ जाएगी। एनपीएस में पेंशन पाने वाले पेंशनरों को न्यूनतम राशि मिलती है जिससे परिवार का गुजारा असंभव है इसलिए ओल्ड पेंशन स्कीम को लागू करने के लिए भी एसोसिएशन संघर्ष करेगा।

### वर्मा के जिलाध्यक्ष बनने पर दी बधाई

छत्तीसगढ़ अधिकारी-कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन के आरके वर्मा के जिलाध्यक्ष बनने पर छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के संयोजक अश्वनी बनर्जी, महामंत्री नानक साहू, रोमनलाल जायसवाल, धर्मेंद्र शर्मा, आरआर अहिरवार, तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के अध्यक्ष हितेन्द्र सिन्हा, पटवारी संघ के अध्यक्ष बोधिराम निषाद, जेएल खुटियारे, विजय टंडन, दीपक साहू, ललित बंजारे, संजय मानिकपुरी, एके मालवीय, आरएम नामदेव, बीपी बंछोर, टीआर यादव, आरके देवांगन, मनहरण माली, चेतन बंजारे, निलय पांडेय, रामाधार सिन्हा, बलदाऊ पटेल, रामकुमार डड़सेना, सीएस बंछोर, राजेन्द्र धृतलहरे, रामचरण वर्मा, मिणाराम वर्मा, सुबोध खलको, ओपी जाटव, एलएस ध्रुव, आरके स्वर्णकार, जनकलाल देवागन, विनय पाठक, नरसिंह जायसवाल, सेऊक राम साहू, भूपेंद्र सिंह पुरोहित, डीके आर्या, आरडी तैलंग, मुरारीलाल भुवाल, सुरेंद्र पटेल, वरुण सोनवानी, अश्वनि साहू, जितेंद्र ठाकुर सहित बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

**समर कैम्प बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होगा**

# पीएमश्री विद्यालयों में 13 से समर कैंपों का होगा आयोजन, डीईओ ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पीएमश्री स्कूलों में समर कैंप के आयोजन के सम्बंध में जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे एवं जिला मिशन समन्वयक नरेंद्र कुमार वर्मा की अध्यक्षता में पीएमश्री स्कूलों के प्राचार्य/संस्था प्रमुखों की अति महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई।

जिसमें समर कैंप आयोजन सम्बंधित बिंदुओं के दिशा निर्देश पर गहन चर्चा किया गया। जिसमें समर कैंप का आयोजन 13 मई से लेकर 22 मई 2025 तक सुबह 7:00 बजे से 9:30 बजे तक आयोजन किया जायेगा। जिसमें समस्त विद्यार्थी,



समस्त शिक्षक साथियों, समस्त पालकगण, स्पेशल एजेकेटर को सादर आमंत्रित किया जाना है। जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा बताया गया कि दस दिन के समर कैम्प के आयोजन से बच्चों के सर्वांगीण विकास करने में सहायक साबित होगा। फ्लेक्स बनाकर प्रचार प्रसार करना, सभी के लिए भोजन, जलपान, स्टेशनरी व्यवस्था, आयोजन की पंजी संधारण करना, फर्स्ट एड, ग्लोकोस, एक्सपर्ट व्यवस्था, मानदेय प्रदाय, स्कूलों के चारों स्तरीय प्राथमिक स्तर, माध्यमिक स्तर, हाई स्कूल, हायर सेकंडरी स्कूल को स्तर के अनुसार अलग अलग विधाए कराई जायेगी। शासन के स्तर पर लिंक में भी समर कैंप की जानकारी एंट्री करने के साथ साथ फोटो, वीडियो को भी जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। इस बैठक में जिला शिक्षा विभाग के सहायक जिला परियोजना अधिकारी सुनील झा, बोर्ड परीक्षा के जिला नोडल अधिकारी एसपी कोशले, एपीसी भूपेन्द्र कुमार साहू, धनंजय प्रसाद शर्मा तथा जिले के समस्त पीएमश्री स्कूलों के प्राचार्य, संस्था प्रमुख सुदेशा चटर्जी, धनेश्वरी करभाल, टुकेश्वरी राजपूत, राजेश्वरी नेताम, राजेन्द्र कुमार टांडिया, भोजसिंह वर्मा, बलदेव कंवर, राघवेंद्र साहू, मालिकराम, मनीष चौबे, बी के देवांगन, अर्चना साव, अनिल कुमार डहाले व अन्य उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप



### विधायक-महापौर से की सामाजिक भवन की मांग

दुर्ग। विधायक गजेंद्र यादव एवं महापौर अलका बाघमार के समक्ष देवांगन समुदाय द्वारा सामाजिक भवन की आवश्यकता को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें उपस्थित समाज के प्रदेश कार्यकारिणी, जिला के कार्यकारिणी दुर्ग शहर के अध्यक्ष एवं सभी इकाई मंडल देवांगन समाज के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में देवांगन समुदाय के लोग शामिल रहे। मांग में बताया गया है कि शंकर नगर दुर्ग में वार्ड क्रमांक 10, 11, 12, 13 एवं 14 में 400 से 450 घरों का देवांगन परिवार निवासरत है। सामाजिक भवन नहीं होने की वजह से देवांगन समुदाय को सामूहिक गतिविधियां, सांस्कृतिक कार्यक्रम और सम्मेलन आयोजित करने में कठिनाइयां आ रही है। इस परेशानी से विधायक गजेंद्र यादव एवं महापौर अलका बाघमार अवगत है। ज्ञात हुआ कि वार्ड 11 के समीप स्थित पानी टंकी को हटाकर अन्यत्र स्थान पर बना दिया गया है। जिससे वह स्थान रिक्त है इस रिक्त जमीन से समुदाय के लोगों को एक साझा स्थान मिलेगा, जहां हम अपने विचारों को साझा कर सकेंगे और सामूहिक रूप से काम कर सकेंगे। जिसमें विधायक एवं महापौर ने आश्वासन दिया है।

### निगम ने हटाए दुकानों के सामने लगे टीन शेड

दुर्ग। निगम का अमला बुलडोजर लेकर पटवा हटरी बाजार क्षेत्र सहित अन्य जगहों पर पहुंचा। यहां दुकानों के सामने लगे टीन शेड,नाली के ऊपर चबूतरा, गांधी चौक राम मंदिर के पास से सब्जी दुकान को हटवाया गया। अन्य माध्यमों से किए गए अतिक्रमणों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इस दौरान पहले दुकानदारों को लाउड स्पीकर के माध्यम से स्वयं अतिक्रमण हटा लेने की चेतावनी दी गई। इसके बाद दुकानदारों को समय दिया गया। पश्चात अतिक्रमण नहीं हटाने वालों की सामानों की जब्ती और टीन शेड बुलडोजर से हटाने की कार्रवाई शुरू की गई। कार्रवाई के दौरान अतिक्रमण अधिकारी परमेश्वर कुमार ने बताया कि समूचे बाजार क्षेत्र को अतिक्रमणमुक्त बनाने की रणनीति तैयार की गई है। इसके तहत आगे भी अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई जारी रखी जाएगी। दोबारा अतिक्रमण नहीं हो इसका भी ध्यान रखा जा रहा है।

### 12 से संस्कारों की पाठशाला का आयोजन

राजनांदगांव। प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय राजनांदगांव द्वारा 12 से 16 वर्ष तक के आयु के बच्चों के लिए समर कैंप संस्कारों की पाठशाला का आयोजन लालबाग स्थित ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र वरदान भवन में किया जा रहा है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों का शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास के साथ-साथ आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाना है। इस समर कैंप का शुभारंभ 12 मई को सुबह 9 बजे होगा। यह शिविर 16 मई तक चलेगा। जिसका समय प्रतिदिन 9 से 10.30 बजे तक रहेगा ।

# विधिक शिविर में घरेलू हिंसा और गुड टच व बैड टच पर दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के शिविर में महिलाओं घरेलू हिंसा और नाबालिको को गुड टच व बैड टच सहित जागरूक करने अन्य जानकारियां विस्तार से दी गई। वही लोक अदालत सहित विभिन्न गतिविधियों को बताया गया। इस दौरान बडी संख्या में महिलाएं और नाबालिक उपस्थित रही।

दुर्ग अध्यक्ष प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. प्रज्ञा पचौरी के कुशल मार्गदर्शन में विगत 1 मई 2025 को मनाए गए विश्व श्रमिक दिवस के उपलक्ष्य में पुलगांव चौक के समीप विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया है।

उक्त विधिक जागरूकता शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग के सचिव तथा जिला एवं सत्र न्यायालय दुर्ग के कुल 09 न्यायाधीशगण ने उपस्थित गणमान्य नागरिकों को उनके विधिक अधिकारों तथा उनके संरक्षण के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई।

इस शिविर में नागरिकों को नालसा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए विधिक सेवाएं योजना 2015 जैसे विभिन्न विधिक योजनाओं तथा श्रमिक विधियों, न्यूनतम मजदूरी सुरक्षित कार्यस्थल, श्रमिक कल्याण योजना, सामाजिक सुरक्षा की जानकारी दी गई।

## विधिक विषयों के संबंध में दी गई विस्तृत जानकारी, नेशनल लोक अदालत की तैयारी

### पाम्पलेट के जरिए दी जानकारी

इसके अतिरिक्त उपस्थित गणमान्य नागरिकों को अन्य विधिक विषयों पर पॉम्पलेट का वितरण कर आवश्यक जानकारी दी गई तथा उनकी जिज्ञासाओं का संतोषप्रद उत्तर देकर समाधान किया गया। उक्त शिविर में पैरालीगल वॉलेंटियर हिमान्शु शर्मा, थाना पुलगांव के पुलिस अधिकारी एवं अधिक संख्या में नागरिक उपस्थित थे।



### 10 को होंगे नेशनल लोक अदालत

इसके अतिरिक्त उपस्थित नागरिकों को छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम, मोटरयान अधिनियम, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, गुड टच-बैड टच, छ.ग.भू.रा. संहिता, भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, परक्राम्य लिखत अधिनियम जैसे विधिक विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इसके साथ ही उपस्थित गणमान्य नागरिकों को 10 मई 2025 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के माध्यम से आपसी सहमति के आधार पर प्रकरणों का निराकरण किये जाने की महत्ता के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

**अव्यवस्था : स्टैंड पर बस आते ही दौड़ पड़ते हैं यात्री, ट्रेनों में भी नो रुम की स्थिति**

# छुट्टियां व शादी के चलते लोकल रुट की बसों में भीड़, ठूंसे जा रहे यात्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

अप्रैल माह से शुरू हुए वैवाहिक आयोजन और ग्रीष्मकालीन अवकाश के चलते इन दिनों बसो में पैर रखने की जगह नही है। कई बसे जहां शादियों में बुकिंग के चलते सडको से गायब है, वही जो गिनती की बसे दौड रही है वहां यात्रियों के पैर रखने तक की जगह नही है। ऐसे में यात्रियों को संचालक बसों में ठूंस रहे है। जिसके चलते यात्रियों को अच्छी खासी दिक्कतों का सामना करना पड रहा है।

बस के आलावा इधर ट्रेनो में भी नो रूम की स्थिति बनी हुई है। रेल्वे के बाद बसों में भी इस तरह के हालात निर्मित होने से यात्रियों के पास सफर करने दूसरा विकल्प भी नही है। शादियों और गर्मी की छुट्टी के चलते बसों के साथ ही अन्य यात्री वाहन ठसाठस चल रहे हैं। ऐसी स्थिति में बसों में सफर करना लोगों के लिए भारी पड़ रहा है। यह स्थिति जून तक रहने की संभावना जताई जा रही है। इन दो माह में सबसे ज्यादा शादियों के मुहूर्त हैं। जून में स्कूल फिर खुल जाएंगे, जिससे जो बच्चे व उनके परिजन जो बाहर गए हैं, उनकी वापसी शुरू हो जाएगी। शादियों और गर्मी की छुट्टी का फायदा उठाकर चालक-परिचालक भी वाहनों को ओवरलोड चलाकर चांदी काट रहे हैं।

## कुछ ही देर में फुल हो जाती है बस, इस माह राहत नहीं



### बनी रहेगी भीड़, सभी रूट की बसें खचाखच

शादियों का सीजन इस पूरे माह चालू रहेगा। ऐसे में कुछ तिथि ऐसी है, जिसमें एक दिन में कई शादियों के मुहूर्त हैं। वहीं गर्मी की छुट्टियों के कारण भी यात्रियों की संख्या में इजाफा हुआ है। बसों और टैक्सियों में क्षमता से अधिक यात्रियों को बैठाया जा रहा है। दुर्ग से रायपुर, बालोद और बेमेतरा की ओर चलने वाली बसों व टैक्सियों में तो लोग जान जोखिम में डालकर गेट पर खड़े होकर यात्रा करने को मजबूर हो रहे हैं। यह सब जानने के बाद भी यातायात पुलिस द्वारा ओवरलोड वाहनों पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

### दौड़ रहे हैं अनफिट वाहन

जिले में खटारा बसें और टैक्सियां ही यात्रियों को लाने-ले जाने का काम कर रही हैं। इन बसों और टैक्सियों की हालत इतनी ज्यादा खराब है कि, सीटें टूट-फूट गई हैं। कांच भी नहीं है। बावजूद इसके वे बेरोकटोक दौड़ रही हैं। यात्री अगर कुछ बोलते हैं तो बस चालक उन्हें वाहन से उतार देने की बात कहते हैं। मजबूरी में लोगों को खटारा बसों और टैक्सियों में सफर करना पड़ रहा है। देखा जा रहा है कि, पिकअप वाहनों में भी लोग सफर कर रहे है। जिस पर पुलिस की नजर नही हैं।

**अभियान चल रहा**

इस तरह के वाहन चालको के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस का अभियान चल रहा है। हाल ही में इस तरह के कई मामले में कार्यवाही की गई हैं। सवारी वाहनों के आलावा पिकअप वाहन में वालो पर भी कार्यवाही की जाएगी। **-ऋचा मिश्रा,** एएसपी ट्रैफिक

### ओवरलोड चल रही बसें यात्री भी बेबस

इन दिनों लोगों को बस में सफर करना टेड़ी खीर साबित हो रहा है। बस स्टैंड पर बसें ठसाठस भरी हुई आ रही हैं। इस कारण यात्रियों को बस में पैर रखने की जगह भी नहीं मिल पा रही है। स्कूलों में छुट्टी होने के कारण हालत ज्यादा बिगड़ गई है। स्थिति यह है कि, बस स्टैंड पर बस आते ही लोग उसकी ओर दौड़ पड़ते हैं और कुछ ही देर में बस फुल हो जाती है। इससे लंबी दूरी तय करने वाले यात्रियों को परेशानी हो रही है। बसों में जगह नहीं होने के बावजूद लोग खड़े-खड़े सफर कर रहे हैं। इससे कई बार विवाद की स्थिति भी पैदा हो जाती है। बावजूद इसके मजबूरी में लोग सफर कर रहे हैं। बसें भी ओवरलोड चलती हैं।

### ओवरलोडिंग से भी परहेज नहीं

जिले में प्रतिदिन 100 से अधिक बसें चलती हैं, जिनमें करीब 10 हजार लोग विभिन्न शहरों के लिए यात्रा करते हैं, लेकिन स्कूलों की छुट्टियां और शादियों का सीजन शुरू होने से यात्रियों की संख्या में इजाफा हुआ है। एक बस में अधिकतम 52 यात्रियों के बैठने की क्षमता होती है, लेकिन अधिक मुनाफे के चक्कर में चालक-परिचालक क्षमता से सवारी भर लेते हैं। इससे यात्रियों को दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई नहीं कर रही ट्रैफिक पुलिस स्टैंड पर बस के पहुंचते ही यात्री सीट के लिए दौड़ पड़ते हैं।

# जनपद की तीन समितियों में नहीं बन पाए हैं सभापति



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जनपद पंचायत में स्थानीय समितियों के गठन के बाद भी तीन समितियों में सभापति का चयन महीना बीतने के बाद भी नहीं हो पाया है। सभापति चयन के बिना होने वाली बैठकों पर इसका असर पड़ रहा है। अब बिना सभापति के ही बैठक आयोजित होगी। दरअसल भारतीय जनता पार्टी के भीतर मचे घमासान की वजह तीनों समितियों में सभापति का चयन नहीं हो पा रहा है।

■ बगैर सभापति के जनपद के योजनाओं का हो रहा संचालन

जानकारी के अनुसार दुर्ग जनपद में महिला एवं बाल विकास, कृषि तथा स्वास्थ्य व स्वच्छता समिति के सभापति चुनाव के लिए इनके सदस्यों की बैठक बुलाई गई इसमें पहली बैठक की भांति ही महिला एवं बाल विकास समिति में बेलायादव, कृषि समिति गोकुल वर्मा एवं स्वास्थ्य व स्वच्छता समिति में प्रतिभा देवांगन को ही सभापति पद के लिए नाम प्रस्तावित किया गया इस पर पहले से सभापति नहीं बनाए जाने से नाराज चल रहे सदस्य पूर्णिमा एवं संगीता साहू ने समर्थक बनने से इंकार कर दिया संगीता का कहना है कि उन्हें कृषि या स्वस्थ्य व स्वच्छता दोनों में से कोई एक समिति का सभापति बनाया जाए। वहीं पूर्णिमा भी महिला व बाल विकास समिति सभापति पद की मांग पर अड़ी रही ।इसके लिए बात नहीं बनने पर पूर्णिमा पहले बैठक छोड़कर बाहर आ गई उनका कहना कि सक्रिय सदस्य एवं वरिष्ठता को भी नजर अंदाज किया जा रहा इसलिए उन्होंने सहमति नहीं दी वहीं संगिता के भी समर्थक बनने सहमति नहीं देने पर बैठक स्थगित कर दी गई ।

### समिति भंग करने कोई प्रावधान नहीं-सीईओ

दुर्ग जनपद सीईओ रूपेश पाण्डेय का कहना है कि, समितियो में सदस्य निर्वाचन के बाद इसका कलेक्टर द्वारा अनुमोदन हो चुका वहीं सभापति नहीं होने से समिति भंग होगी ऐसा पंचायत राज में कोई प्रावधान नहीं है ऐसी स्थिति में समिति की बिना सभापति के ही बैठक होंगी इसमें सचिव पीठासीन अधिकारी रहेंगे ।बैठक में बहुमत के आधार पर कोई भी प्रस्ताव अनुमोदित होगा।वहीं सभी समितियों की बैठक में जनपद अध्यक्ष

### जिपं. में सामान्य प्रशासन की आज बैठक

दुर्ग जिला पंचायत में सामान्य प्रशासन समिति की 7 मई को बैठक रखी गई है। बैठक को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। बैठक में कई प्रशासनिक मसलों पर चर्चा होगी।

# स्काउटिंग की हीरक जयंती पर निकली पर्यावरण एवं जल संरक्षण जागरुकता साइकिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव एवं राज्य सचिव कैलाश कुमार सोनी के निर्देशानुसार तथा राज्य उपाध्यक्ष सुनीता संजय बोहरा, जिला मुख्य आयुक्त जीत यादव व जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा के मार्गदर्शन में 1 मई 2025 को स्काउट गाइड के 75वीं वर्षगाँठ हीरक जयंती के अवसर पर पर्यावरण एवं जल संरक्षण हेतु जागरूकता संदेश साइकिल रैली स्काउट गाइड के विद्यार्थियों एवं जिला संघ दुर्ग के पदाधिकारियों, स्काउटर-गाइडर द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पहलगाम हमले में शहीद हुए देश के नागरिकों को मौन धारण कर मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि सभा कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग में आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला संघ दुर्ग के अध्यक्ष अशोक देशमुख, जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड सरस्वती गिरिया एवं प्रभारी लिंक अधिकारी तनवीर अकील, दुर्ग जिला साइकिलिंग संघ सचिव देवप्रकाश वर्मा, कोषाध्यक्ष शशांक देशमुख, साइक्लिंग कोच प्रतीक मनोध्या द्वारा रैली को संबोधित कर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली के दौरान स्काउट- गाइड, रोवर-रेंजर एवं स्काउटर- गाइडर प्रतिभागियों ने पर्यावरण एवं जल संरक्षण का नारा लगा कर अपना संदेश जन जन तक पहुंचाया।

■ रैली निकालकर किया गया जागरुक



# दुकान के बाहर नाली पर स्लैब बनाने वाले दुकानदारों को दुर्ग महापौर ने दिया चौबीस घंटे का अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

दुर्ग के 60 वार्डों में 1 मई से 8 जून तक महापौर द्वारा महासफाई अभियान की शुरूआत की गई है। इसी कड़ी में मंगलवार को शहर के वार्ड 24 आमदी मंदिर सिंधी कालोनी से लेकर ग्रीन चौक व स्टेशन चौक मुख्य मार्ग तक नालियों की सफाई कार्य का निरीक्षण किया। विभिन्न नाला-नालियों से अतिक्रमण हटाकर बेहतर सफाई कराने और नाला-नालियों का बहाव व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। महापौर ने कहा की भीतर नाली की साफ-सफाई व्यवस्था संतोषजनक न पाए जाने पर महापौर ने स्वास्थ्य अमले पर नाराजगी जताई। निरीक्षण के मौके पर स्टेशन के सामने कुछ लोगों ने स्वयँ से शेड और अतिक्रमण हटाने लगे। महापौर ने कहा व्यवसायी दुकान के बाहर सड़कों तक टीन शेड, तिरपाल, विज्ञापन साइन बोर्ड से यातायात पर प्रभाव पड़ता है। उन्होंने सभी दुकानदारों से कहा 24 घंटे का समय की नाली के ऊपर स्लैप निर्माण को स्वयं तोड़कर जाली लगवाए। नगर निगम 24 घंटे के बाद तोड़ूदस्ता अमला जेसीबी की मदद से सभी के दुकानों के बाहर नाली के स्लैप तोड़ना शुरू करेगी। इस दौरान विद्युत एवं यंत्रिकी प्रभारी ज्ञानेश्वर ताम्रकर, वार्ड पार्षद सुश्री पायल अनूप पाटिल, पार्षद युवराज कुंजाम, उपायुक्त व नोडल स्वास्थ्य अधिकारी मोहेंद्र साहू, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, उपअभियंता हरिशंकर साहू, कर्मशाला अधीक्षक शोएब अहमद के अलावा अन्य मौजूद रहे।

■ आमदी मंदिर से ग्रीन चौक तक चलाया अभियान



### इन्हें मिला कब्जा हटाने के लिए नोटिस

स्टेशन रोड पर नाली के उपर सैकड़ो बल्ली, गोयल टिम्बर लकड़ी ताल को नोटिस के साथ जुर्माना, किशोर प्लाजा नाली के ऊपर स्लैप गंदगी व साइन बोर्ड, माँ उमिया स्वीट्स गंदगी, होटल ग्रीन, इंग्लिश शराब दुकान, खत्री किराना स्टोर्स, दाँतोत्री इंजीनियरिंग वर्क्स, होटल तनिष्क, होटल सागर, इंदौर सेव भंडार, सुंदरम वेज रेस्टोरेंट, होटल जायका सहित अन्य दुकान व होटलो को जुर्माना के साथ नोटिस जारी किया गया।

**कंपनी के भरोसे शिविर, अव्यवस्था से अफसर भी बने अनजान**

# अंपाइंटमेंट के 10 दिन बाद भी नहीं मिल रहा नंबर प्लेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

हाई सिक्योरिटी नंबर लगाने आयोजित शिविर में भारी अव्यवस्था का आलम हैं। पालिटेक्निक कालेज के सामने वेंकटेस बजाज शोरूम में बडी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। जिसमें ऐसे लोग भी शामिल है। जिन्हें दस दिन पहले नंबर जारी होने के बाद तिथि देकर नंबर लगाने बुलाया गया था। इसके बाद वे शिविर में पहुंच रहे है। लेकिन उन्हें यह कहकर वापस लौटाया जा रहा है कि, उनका नंबर नही आया है। यही नही शिविर में पेयजल और बैठने तक की व्यवस्था नही है। जिलेभर से आए लोगों को संतोषजनक जवाब भी नही दिया जा रहा हैं।

■ वाहन मालिकों के बैठने तक की व्यवस्था नहीं

उल्लेखनीय है कि, वर्ष 2019 से पहले के वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर लगाने के निर्देश के चलते शहर के पालीटेक्निक कालेज के सामने वेंकटेस बजाज शो रूम में शिविर का आयोजन किया गया हैं। हरिभूमि ने पडताल की तो पता चला कि, कई वाहन चालको को विगत 24 अप्रैल का अप्वांइटमेंट दिया गया है। लेकिन उनका नंबर अब तक नही आया है। वही पांच अप्रैल को जिन्हें तिथि नंबर लगाने दी गई थी। उन्हें भी नंबर नही आने की बात कहकर वापस लौटा दिया गया। शिविर में आए मिहिर देशमुख ने बताया कि, नंबर लगाने तिथि दी गई थी। लेकिन नंबर प्लेट आने तक की जानकारी नही दी जा रही है। वहीं पाटन से आए अशोक कुमार ने बताया कि, शिविर में पूरी तरह से अव्यवस्था है। फार्म जमा करने तक के लिए लोगों को भटकना पड रहा हैं।



**पेयजल तक की शिविर में सुविधा नहीं:** बजाज शोरूम में लोगों के बैठने की सुविधा तो दूर पेयजल की भी व्यवस्था नही रखी गई है। नंबर प्लेट आने तक की जानकारी नही दी जा रही हैं। अफसर कह रहे है कि, शिविर लगाने की जिम्मेदारी कंपनी की है। हमने जगह उपलब्ध करा दी हैं। शोरूम के बाहर पार्किंग तक की सुविधा नही है।

**निर्देश दिए**

हाई सिक्योरिटी नंबर लगाने के लिए ठेका कंपनी नियुक्त किए गए है। वाहन चालको को व्यवस्था देना उनकी जिम्मेदारी है। ऐसी बात है तो निरिक्षण कर कार्यवाही करेगें। **-एसएल लकडा,** आरटीओ अधिकारी दुर्ग

### मैसेज पर पहुंच रहे वाहन चालक

वाहन चालक पवन देवांगन ने बताया कि, मोबाइल पर हाई सिक्योरिटी नंबर डिलिवर होने की जानकारी मिली है। जिसके बाद लोग शोरूम पहुंच रहे है। लेकिन यहां आने के बाद नंबर नही आने की जानकारी दी जा रही हैं। शोरूम में वाहन चालक आक्रोशित तब अधिक हो रहे हैं, जब उन्हें बगैर नंबर प्लेट दिए खाली हाथ लौटा दिया गया। जब नाराज लोगों ने इसकी शिकायत की तो कर्मचारियों का कहना था कि, नंबर प्लेट ही नही आया है। बहरहाल 7 मई 2025 को जिला न्यायालय परिसर दुर्ग में शिविर आयोजित की जाएगी। इसी प्रकार 9 मई 2025 को जिला पंचायत परिसर दुर्ग में, 10 मई 2025 तथा 11 मई 2025 को बस स्टैण्ड दुर्ग में और 13 मई 2025 व 14 मई 2025 को नगर पालिक निगम परिसर दुर्ग में शिविर आयोजित की जाएगी।

# कलेक्टोरेट की लिफ्ट खराब दूसरे माले में लग रहा कोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग





जिला कार्यालय में लगा लिफ्ट इन दिनों बंद होने के कारण विकलांग वर्गो को अच्छी खासी दिक्कतों का सामना करना पड रहा है। पता चला हैं कि, लिफ्ट पिछले सप्ताहभर से बंद है। इसके बाद भी सुधार की दिशा में अफसरों ने कोई कार्यवाही नही की है। मंगलवार को एक विकलांग बुजूर्ग को दूसरे माले तक जाना था। लेकिन लिफ्ट खराब होने से वे कोर्ट तक नही पहुंची। ऐसी स्थिति में कार्यालय के नीचे ही बुजूर्ग का बयान लिया गया। दीपक नगर से आई इंदुबाई धनवारे ने बताया कि, उनकी पेशी डिप्टी कलेक्टर लता उर्वशा के कोर्ट में है। वे जिला कार्यालय के दूसरे माले में उनका कार्यालय है। वे लिफ्ट खराब होने के कारण वहां तक नही पहुंच पाई। ऐसे में उनके वकील ने महिला से मौके पर ही दस्तखत कराया। जिला कार्यालय का लिफ्ट खराब होने से वहां आए लोगों में नाराजगी दिख रही है।

# ग्रामीण में एक किमी व शहर में 500 मीटर की दूरी वाले सरकारी स्कूल होंगे मर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जिले के स्कूलों व अतिशेष शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण की तैयारी कर ली गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में 1 किलोमीटर से कम दूरी एवं 10 से कम नामांकन वाले स्कूल और शहरी क्षेत्रों में 500 मीटर की दूरी के भीतर स्थित 30 से कम दर्ज संख्या वाले स्कूलों को युक्तियुक्तकरण के लिए चिन्हित किया जाएगा। पाटन विकासखण्ड में ऐसे दो स्कूल चिन्हित किए गए हैं, जहां दर्ज संख्या कम हैं। इस प्रक्रिया से स्वामी आत्मानंद स्कूल और पीएमश्री विद्यालय बाहर रहेंगे।

## कलेक्टर ने ली शालाओं और शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के संबंध में बैठक

### ये शिक्षक होंगे अतिशेष

प्राथमिक शालाओं में 60 विद्यार्थियों पर एक प्रधानपाठक और सहायक शिक्षक तथा प्रत्येक 30 विद्यार्थियों पर एक अतिरिक्त सहायक शिक्षक की नियुक्ति होगी। इसी तरह पूर्व माध्यमिक, हाई स्कूल और हायर सेकेण्डरी विद्यालयों में छात्र-शिक्षक अनुपात के आधार पर नियुक्ति एवं युक्तियुक्तकरण किया जाएगा। विशेष रूप से हाई एवं हायर सेकेण्डरी विद्यालयों में एक विषय के लिए स्वीकृत पद से अधिक व्याख्याता कार्यरत हैं, उनमें कनिष्ठ व्याख्याताओं को अतिशेष मानते हुए स्थानांतरित किया जाएगा। यदि किसी विद्यालय में अतिथि शिक्षक कार्यरत हैं, तो वहां के नियमित व्याख्याता को अतिशेष की श्रेणी में रखा



**कलेक्टर ने कहा पूर्ण पारदर्शिता**

स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार दुर्ग जिले में शालाओं और शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया को लेकर कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसमें संयुक्त कलेक्टर हरवंश मिरी, एसडीएम धमधा सोनल डेविड सहित शिक्षा विभाग अधिकारी अरविंद मिश्रा व विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि शालाओं एवं शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण की पूरी प्रक्रिया को शासन द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार पारदर्शी और समयबद्ध ढंग से पूर्ण किया जाए। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 का उल्लेख करते हुए कहा कि शिक्षकों की उपलब्धता बच्चों की संख्या के अनुपात में सुनिश्चित की जानी चाहिए।

### युक्तियुक्तकरण के लिए समिति गठित

राज्य शासन के निर्देशों के तहत जिला स्तरीय एवं विकासखण्ड स्तरीय समितियों का गठन किया गया है। जिला स्तरीय समिति की अध्यक्षता कलेक्टर अभिजीत सिंह करेंगे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सीएमओ, जिला कार्यक्रम अधिकारी और जिला शिक्षा अधिकारी सदस्य रहेंगे। विकासखण्ड स्तरीय समिति की अध्यक्षता अनुविभागीय अधिकारी राजस्व करेंगे तथा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी सचिव होंगे। शालाओं और अतिशेष शिक्षकों का चिन्हांकन कर सूची तैयार करना, रिक्त पदों की सही जानकारी एकत्र करना और उसे प्रमाणित करना समिति का दायित्व होगा। यह भी निर्देश दिए गए कि युक्तियुक्तकरण योग्य शालाओं की सूची का परीक्षण किया जाए और प्रक्रिया को निर्धारित समयावधि में पूर्ण किया जाए।

## खबर संक्षेप



### गांजा तस्कर गिरफ्तार

**भिलाई।** गांजा तस्करी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। ग्रामीण एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि मेन रोड हरदी मोड़ ग्राम नंदिनी खुंदनी में गांजा बेचने की शिकायत मिली थी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घेरांबदी कर युवक को गिरफ्तार किया। पूछताछ करने पर सुभाष नगर कैम्प 1 छावनी निवासी कृष्णा ठाकुर होना स्वीकार किया। आरोपी के पास से बैगके थैले में 4.284 कि.ग्रा. गांजा जब्त किया गया। जिसकी कीमत 40 हजार रुपए आंकी गई है। कार्रवाई नंदिनी प्रभारी मनीष शर्मा समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

### युवक के साथ मारपीट कर लूटपाट की

**भिलाई।** राहगीरों के साथ लूटकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। मामला खुर्सीपार थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक 4 मई की रात अमित सिंह नामक युवक स्कूटी जा जा रहा था। इस दौरान लूट गैंग के युवकों ने उसे रोक कर जमकर पिटाई कर दी। युवक को घायल करने के बाद स्कूटी की चाबी निकाल ली और मोबाइल, पैसा लूटकर फरार हो गए। अमित के मुताबिक जिस मोबाइल को आरोपी लूट कर लेकर गए। जीमेल उनकी मां के मोबाइल में लॉगिन था। अमित ने जैसे ही मेल लॉगिन किया उसकी मां के मोबाइल में अज्ञात शख्स को पीटने का वीडियो बैकअप के रूप में अपलोड हुआ। वीडियो उसके साथ हुई लूट की वारदात के एक दिन बाद का है। मोबाइल से ही वीडियो आरोपियों ने बनाया। इसलिए जैसे ही उसने अपना जीमेल दूसरे फोन में लॉग इन किया वो वीडियो उसमें आ गया। घायल युवक टेंट हाउस में काम करता है। अमित 4 मई को वो टेंट का काम से कुम्हारी गया था और रात 10 बजे वहां से अपनी स्कूटी लेकर नंदिनी रोड लौट रहा था। जैसे ही खुर्सीपार थाने के सामने अपनी साइड में पहुंचा तीन चार युवक नीले रंग की स्कूटी से आए और उसकी स्कूटी के आगे अपनी स्कूटी लगाकर उसे रुकवा लिया। स्कूटी रोकते ही युवकों ने अमित को बुरी तरह मारा। आरोपी के खिलाफ 126(1) 304(2) के तहत जुर्म दर्ज किया गया है। आरापी को पुलिस ने अब तक गिरफ्तार नही कर पाई है।

## मौसम

**बीते सप्ताह से मौसम के बदले तेवर से फसलों को नुकसान**

# तेज आंधी-तूफान से केले की फसल बर्बाद, किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुसरा

डोंगरगढ़ विकासखंड के मुसरा सहित दर्जनों गांव के किसान परेशान हैं। विगत एक हफ्ते से लगातार तेज आंधी-तूफान से किसानों की केले व पपीता की फसल बर्बाद हो गई है। किसान मनीराम लिल्हारे, वित्त प्रसाद वर्मा, प्रफुल्ल चौहान, एणेश्वर वर्मा सहित अन्य ने बताया कि क्षेत्र के केले की 300 एकड़ फसल आंधी-तूफान के कारण बर्बाद हो गई है। जिससे सैकड़ों किसानों को लाखों का नुकसान हुआ है।

गौरतलब है की केले की फसल को नगदी फसल माना जाता है। इसे सीधे बाजार में बेचकर नकद पैसा प्राप्त किया जाता है। वर्तमान में केले की फसल लगभग तैयार हो गई थी। कुछ दिनों के बाद उसे बाजार में बेचा जाता, लेकिन अचानक आए तेज आंधी-तूफान से किसानों की 90 प्रतिशत फसल बर्बाद हो गई। किसानों के सपने धरे के धरे रह गए। उनकी मेहनत पर पानी गिर गया।

क्षेत्र के किसान परेशान हैं। इतना बड़ा नुकसान होने के बाद भी संबंधित विभाग के अधिकारियों ने एक बार भी आकर निरीक्षण नहीं लिया, न ही मामले का जायजा किया। जिससे किसान आहत है और सरकार से जल्द से जल्द मुआवजा की मांग कर रहे है।



### केले के साथ पपीते की फसल भी बर्बाद

क्षेत्र के किसानों ने बताया कि पपीते की फसल को भी भारी नुकसान हुआ है। तेज तूफान से कई एकड़ फसल बर्बाद हो गई। वर्तमान में केला व पपीता का मार्केट रेट बढ़ा हुआ है, अगर इस समय किसानों की फसल बाजार में आती तो उन्हें अच्छे दाम मिलते। जिससे उनकी मेहनत का सही दाम मिल पाता, लेकिन प्रकृति के कहर से उनके सपनों पर पानी फिर गया। क्षेत्र के बड़े किसान मनीराम लिल्हारे ने बताया उनकी 20 एकड़ भूमि, प्रफुल्ल चौहान 18 एकड़ भूमि, वित्त प्रसाद वर्मा 8 एकड़ भूमि व एनेश्वर वर्मा 5 एकड़ भूमि पर फसल खड़ी थी। जिसमें से लगभग 90 प्रतिशत भूमि की फसल बर्बाद हो गई। किसानों ने बताया कि अगर फसल सही समय पर बाजार में आती तो उन्हें प्रति एकड़ 2 लाख 16 हजार रुपए की कीमत मिलती, लेकिन तेज आंधी-तूफान ने उनके सारे सपने चकनाचूर कर दिए। उन्होंने प्रशासन से अपील करते कहा है कि उनकी खराब फसल का जायजा लेकर उन्हें मुआवजा जल्द से जल्द प्रदान किया जाए, ताकि उनकी परेशानी को थोड़ा कम किया जा सके।

## परिजनों के साथ जबरन मारपीट कर अपहरण करने वाले गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

परिजनों के साथ मारपीट कर अपहरण कर ले जाने वाले 11 युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 140(3),296,351(3), 115(2), 190, 191(2) बी.एन.एस. के तहत जुर्म दर्ज किया है। कुम्हारी पुलिस ने बताया कि राजेन्द्र कुमार शर्मीा अपनी कार से रायपुर से घर लौट रहे थे। इस दौरान ग्राम अकोला में उनकी कार मवेशी टकरा जाती है। सामने खडे बाइक सवार युवक पीड़ित के कार को रुकवाया। उसके बाद उनके साथ मारपीट कर बाइक पर अपहरण कर जबरन परिजनों को साथ लेकर गए। इस दौरान आरोपियों ने पीड़ित की पत्नी प्रणिता शर्मा का बाल पकड़क़र खींचने और बेटी के साथ भी मारपीट का प्रयास किया गया।

■ कुम्हारी पुलिस थाना क्षेत्र की है घटना, कार मवेशी से टकराने के बाद हुई घटना

परिजनों को जान से मारने की धमकी गौतम सेन और उसके साथी विक्की चक्रधारी,परशुराम साहू ने दिया। सूचना पर पुलिस ने आरोपियों की तलाश में जुटी रही। कुम्हारी पुलिस ने कमल साहू,गौतम सेन,विक्की चक्रधारी, परशुराम साहू, ,बोधन लाल साहू, मुकेश साहू, नारद निषाद, रामगोपाल निषाद, कैलाश साहू, उवेश साहू, राजकुमार नेताम को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। कार्रवाई में कुम्हारी थाना प्रभारी जनक राम कुर्रे और उनकी टीम का योगदान रहा है।

## सेक्टर नौ हास्पिटल आईसीयू वेटिंग हाल में लगा कूलर

**भिलाई।** सेक्टर-9 हॉस्पिटल के आईसीयू वेटिंग हॉल में अब मरीजों के परिजनों को गर्मी से परेशान नहीं होना पड़ेगा। अस्पताल प्रबंधन द्वारा यूनियन की मांग पर वेटिंग हाल में कूलर की व्यवस्था कर दी गई है। बीएसपी वर्कर्स यूनियन (बीडब्ल्यूयू) के पदाधिकारियों ने जेएलएन हास्पिटल सेक्टर नौ के जीएम शाहिद अहमद से मिलकर अस्पताल के आईसीयू के वेटिंग हाल में कूलर नहीं होने से मरीजों के परिजनों को हो रही परेशानी संबंधी शिकायत से अवगत कराया था। यूनियन के अध्यक्ष उज्ज्वल दत्ता ने बताया कि जीएम ने शिकायत पर तत्परता दिखाते हुए वहां कूलर की व्यवस्था करवा दी है। इससे मरीजों के परिजनों को भारी गर्मी में उमस से राहत मिलेगी। आईसीयू के वेटिंग हाल में अस्पताल में भर्ती मरीजों के परिवार के लोग चौबीस घंटे रहते हैं।




## भिलाई इस्पात कल्याण चिकित्सालय में हुआ शैक्षणिक स्वास्थ्य शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के सीएसआर विभाग और चिकित्सा तथा स्वास्थ्य सेवाएं विभाग द्वारा महिला सफाई कर्मचारियों के लिए 'मिशन लक्ष्मी' के अंतर्गत निःशुल्क शैक्षणिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भिलाई इस्पात कल्याण चिकित्सालय में किया गया। शिविर में 50 महिला श्रमिकों व बालिकाओं का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें स्त्री रोग निदान, कैंसर, संतुलित खानपान और स्वस्थ जीवनशैली से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। शिविर में जेएलएन अस्पताल के चिकित्सा परामर्शदाताओं द्वारा महिला कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण, रक्त में हीमोग्लोबिन, शुगर की मात्रा की जांच और पेप स्मेअर की जांच की गई। एनीमिया, स्त्री रोग और कैंसर संबंधित विषयों पर शैक्षणिक और प्रश्नोत्तर सत्र में एनीमिया, कैंसर व टीकाकरण संबंधित शंकाओं का समाधान किया।

■ रोग निदान और खानपान के लिए किया जागरुक

### क्विज के विजेता हुए पुरस्कृत

क्विज के 20 विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। एडीएमओ डॉ. माला चौधरी, डां. हिमानी गुप्ता और आहार विशेषज्ञ परोमिता दासगुप्ता ने जागरुक किया। शिविर में कार्यपालक निदेशक डॉ. एम. रविन्द्रनाथ सहित चिकित्सा अधिकारी डां. विनीता द्विवेदी, डॉ सौरव मुखर्जी व अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डां. मनीषा कांगो सहित महाप्रबंधक शिवराजन, एस कामडे, उप प्रबंधक कमल वर्मा, महाप्रबंधक केके यादव, वरिष्ठ प्रबंधक आरके गुप्ता, सहायक प्रबंधक एके मानिकपुरी व शशि सिंह आदि उपस्थित थे।

## आरएसएस के प्रांत प्रचारक के पिता मोहन लाल को पुष्पांजलि अर्पित की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पाटन विकासखंड के ग्राम सोनपुर मंगलवार को पूरा शोक में डूबा नजर आया। मंगलवार को यहां राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक अभय राम कुम्भकार के पिता मोहनलाल कुंभकार के दशगात्र का कार्यक्रम था जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, गृहमंत्री विजय शर्मा, सांसद विजय बघेल, सांसद बृजमोहन अग्रवाल सहित प्रदेश के लगभग सभी मंत्रीगण, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सहित पार्टी के लगभग सभी वरिष्ठ नेताओं ने उपस्थित होकर दिवंगत आत्मा को पुष्पांजलि अर्पित कर ईश्वर से उनकी आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान देने की प्रार्थना की। शोकसभा में सुबह से ही प्रदेश भर से वरिष्ठ जन प्रतिनिधिगण पहुंच रहे थे। प्रांत प्रचारक कुम्भकार वर्षो से आरएसएस से जुड़े हुए हैं। उनके पिता भी हमेशा समाज सेवा से जुड़े रहे थे। आरएसएस तथा भाजपा से जुड़े सभी लोगों ने उन्हें याद किया और उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने वरिष्ठ नेतागण सुबह से यहां पहुंचने लगे थे। राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा, बेमेतरा के विधायक दीपेश साहू, पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष नारायण चंदेल, नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, क्रेड़ा के अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, रजक बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद रजक, वेयर हाउसिंग बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष सच्चिदानंद उपासने, जिला पंचायत रायपुर के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज आदि शामिल हुए।

## पेज 11 के शेष

### शासकीय हाईस्कूल लावातरा ...

एवं शिक्षा विभाग को भी कई बार आवेदन देकर अहाता की मांग किया गया लेकिन निराशा ही हाथ लगी। आज पर्यंत पक्का अहाता का निर्माण नहीं हो पाया है। जालीतार युक्त अहाता एवं प्रवेश द्वार के उद्घाटन कार्यक्रम में ग्राम पंचायत लावातरा की सरपंच सुनीता साहू, उप सरपंच गणपत साहू, पंचगण टोमन साहू, निर्मला पाटिल, रेखा साहू, सुमन ध्रुव, खोमिन साहू, तुलसा साहू, सांसद प्रतिनिधि सुरेश साहू, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्षगण सेवक राम साहू, सीताराम साहू, पूर्व सरपंच मुखी राम साहू, सरजू राम साहू, पूर्व पंच दोजेन्द्र साहू, डोमार साहू, ललित साहू, रूपेंद्र साहू, संतराम पाटिल, सोहन साहू, इंद्राणी साहू, शिक्षकगण पुष्कर परगनिहा, रविशंकर देशलहरे, भुवन लाल साहू, अनुज राम साहू , शोभाश्विनी मेटिया, शहनाज खान, जमुना साहू, टीका राम साहू, ओंकार साहू, दिनेश साहू उपस्थित थे। विद्यालय के संस्था प्रमुख रविशंकर देशलहरे एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने सभी दानदाताओं को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार व्यक्त किया है। कार्यक्रम का संचालन भुवन लाल साहू व्याख्याता शासकीय हाईस्कूल लावातरा ने किया।

### हाई एवं हायर सेकंडरी ..

अध्ययन करती थी। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को देते हुए कहा कि भविष्य में वह आईएएस की तैयारी कर कलेक्टर बनना चाहती हैं। उनकी इस सोच और अनुशासित अध्ययन शैली ने उन्हें जिले की बेटियों के लिए प्रेरणा बना दिया है।

**संकल्प शक्ति से मिलती है कामयाबी :** अविनाश साहू शासकीय हाई स्कूल देवरी, बेरला विकासखंड के छात्र अविनाश साहू, पिता टीकाराम साहू, माता ललिता साहू, ने 98.6% अंक प्राप्त कर प्रदेश में चौथा स्थान प्राप्त किया है। किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाले अविनाश ने सीमित संसाधनों में यह सफलता प्राप्त कर यह सिद्ध कर दिया कि मेहनत और संकल्प के बल पर कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं।

**अन्य प्रतिभावान विद्यार्थी:** सिया साहू – प्रेरणा विद्यालय, कठिया – 98.1%, 10वीं – प्रदेश में 7वां स्थान, भावना सोनकर – सेजेस देवकर – 98%, 10वीं – 8वां स्थान, हीरामणि वर्मा – शिवलाल राठी स्कूल – 97.67%, 10वीं – 10वां स्थान, ऋतु साहू – इंडियन पब्लिक स्कूल – 95.80%, 12वीं – 10वां स्थान

**जिले का समग्र परीक्षा परिणाम:** 10वीं: कुल पंजीकृत – 13,606, परीक्षा में सम्मिलित – 13,383, उत्तीर्ण – 9,546 । सफलता दर – 71.62% 12वीं: कुल पंजीकृत – 8,335, परीक्षा में सम्मिलित – 8,284, उत्तीर्ण – 6,676 । सफलता दर – 80.65% **शिक्षा विभाग ने दी बधाई:** जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. कमल कपूर बंजारे, डाइट प्राचार्य जे.के. घृतलहरे, नोडल अधिकारी एस.पी. कोशले सहित समस्त अधिकारियों ने इन विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की और उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### हरसंभव सहयोग दिया ...

यह सिर्फ व्यक्तिगत सफलता नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए एक प्रेरणा है। वैशाली ने यह सिद्ध कर दिया है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत सच्ची हो, तो कोई भी बाधा रास्ता नहीं रोक सकती। विधायक श्री साहू ने यह भी कहा कि वे जिले की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए सदैव प्रतिबद्ध हैं और भविष्य में शिक्षा के क्षेत्र में और अधिक संसाधन एवं सहयोग सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे।

### 25 हजार की मांग पर गई ...

योजनाओं का लाभ बिना किसी दबाव, मांग या वसूली के प्रदान करना शासन की प्राथमिकता है। भ्रष्टाचार या अनियमितता में लिप्त पाए गए कर्मचारियों पर आगे भी कड़ी प्रशासनिक कार्रवाई जारी रहेगी।

# सुशासन तिहार में दिव्यांग को मिली बैसाखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई के वार्ड क्रं. 18 कांट्रेक्टर कालोनी मैदान में शिविर आयोजित किया गया। सुशासन तिहार 2025 में नागरिकों द्वारा पूर्व से आवेदन में मांग एवं शिकायत किया गया था। जिसका संबंधित विभाग द्वारा निराकरण कर आज शिविर में संबंधित आवेदकों को जानकारी दी गई। उनसे पूछा गया कि जो भी आपके द्वारा आवेदन किया गया था, उसका निराकरण कर दिया गया है, जिससे वह संतुष्ट है कि नहीं। साथ ही नागरिक का किसी प्रकार की मांग एवं शिकायत है, उसका आवेदन भी जमा किया जा रहा है। सुशासन तिहार में संबंधित वार्डो के कुल मांग के 220 एवं शिकायत के 72 आवेदन प्राप्त हुए थे। जिसमें मांग के 218 एवं शिकायत के 68 आवेदनों का निराकरण कर दिया गया है। शेष 6 आवेदन और बाद में 15 आवेदन प्राप्त हुए है, उसका निराकरण कर आवेदक को सूचित कर दिया जायेगा। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, सभापति गिरवर बंटी साहू जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत शिविर का निरीक्षण करने पहुंचे। शिविर में बालाजी नगर खुर्सीपार निवासी दिव्यांग देवराज द्वारा सुशासन तिहार में बैशाखी के लिए आवेदन किया गया । जिसे महिला एवं बाल विकास विभाग के तरफ से समाधान शिविर में तत्काल बैशाखी प्रदान किया गया।

■ भिलाई निगम में कांट्रेक्टर कॉलोनी में आयोजित किया शिविर




इसी प्रकार जिन नागरिको का मांग एवं शिकायत था, उसे मौके पर निरीक्षण करके आवश्यकता अनुसार तत्काल पूरा किया जा रहा था। पुनः आवेदन हेतु शिकायत एवं मांग पेटी रखा गया था, जिसमें नागरिक अपने समस्या अनुसार आवेदन डाल रहे थे । वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन समाधान शिविर में पहुंचकर अपने आधार को अपडेट करवाएं । सभी काउंटर पर पहुंच करके जानकारी प्राप्त किये किस प्रकार के आवेदन आए हैं। उसका निराकरण क्या-क्या हुआ है। समाधान शिविर में उपस्थित कमलाबाई साहू से पूछे अम्मा आपके खाते में पेंशन आ रहा है कि नहीं वह बोली महतारी वंदन का 1000 रुपए आ रहा है।

HEALTH TOWN

k'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
"संस्कारित मातृत्व का पथ - गर्भसंस्कार कार्यक्रम"
मातृत्व की यात्रा को बनाएं सकारात्मक और सशक्त
"मातृत्व की ओर बढ़ते हर कदम में साथ आपके लिए विशेष दंपत्तियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम"
JOIN OUR SEMINAR
Mantras chanting | Yoga and exercise | Music therapy | garbh savand
14 मई, बुधवार 2025, समय : 04.00 PM
◀ रजिस्ट्रेशन के लिए स्कैन करें
SCAN ME
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : महाराष्ट्र मण्डल चौबे कालोनी, रायपुर 492001,
मो. 91119-12122, 91119-22122 www.shreyanayurveda.com
Dr. Pallavi Kshirsagar

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## भारतीय सेना पर हमें गर्व है: चोवाराम

**कवर्धा।** कवर्धा कृषि उपज मण्डी के पूर्व उपाध्यक्ष चोवाराम साहू ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना की आतंकवाद विरोधी कार्रवाई पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय सेना की इस कार्यवाही से देश उत्साहित है। उन्होने कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पीओके में 9 आतंकी ठिकानों को नष्ट किया है हमें भारतीय सेना पर गर्व है। श्री साहू ने कहा कि जनहित और देशहित में आतंकवाद का नाश जरूरी है। इस प्रयास में पूरा देश एकजुट है। हमें पूरा भरोसा है कि भारतीय सेना इस अभियान को अंजाम तक पहुंचाएगी। पूरे देश को उन पर गर्व है।

## पुनर्मूल्यांकन व रोके गए परीक्षा परिणाम घोषित

**कवर्धा।** दुर्ग के हेमचंद विवि ने अपने विभिन्न पाठ्यक्रम के रोके गए परीक्षा परिणाम जारी कर दिए हैं। इसमें वार्षिक व सेमेस्टर परीक्षा वर्ष 2020, 2022, 2023, 2024 अंतर्गत एमकॉम 4थ सेमेस्टर, एमए अर्थशास्त्र 4थ सेमेस्टर, एमएससी जूलॉजी 4थ सेमेस्टर, डीसीए 2एनडी सेमेस्टर, एमए हिंदी 4थ सेमेस्टर समेत अन्य पाठ्यक्रम शामिल है। इसी प्रकार विवि ने एलएलबी 1, 3 व 5 सेमेस्टर परीक्षा दिसंबर-जनवरी 2024-25 के पुनर्मूल्यांकन 20 प्रतिशत का भी परिणाम जारी किया है।

## राज्य सेवा मुख्य परीक्षा का टाइम टेबल जारी

**कवर्धा।** सीजीपीएससी रायपुर ने राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2024 के लिए आवेदन शुरू कर दिया है। ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तारीख 5 जून है। मुख्य परीक्षा की तारीख 26, 27, 28 व 29 जून है। ऑनलाइन आवेदन आयोग की वेबसाइट में किया जा सकता है।

## मौसम साफ होने के बाद बढ़ी उमस

**कवर्धा।** कवर्धा सहित अंचल में होल के दिनो में हुई बेमौसम बारिश के बाद अब मौसम साफ हो गया है और लोगों को उमस भरी गर्मी का एक बार फिर सामना करना पड़ रहा है। जिससे लोग हलाकान है।

## भारतीय सेना के अदम्य साहस व निर्णायक नेतृत्व का प्रतीक ऑपरेशन सिंदूर

**कवर्धा।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना द्वारा आतंकियों के खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि भारतीय सेना के अदम्य साहस और निर्णायक नेतृत्व ने आज ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से पूरे देश को गर्व से भर दिया है। हमारे जांबाज़ जवानों ने जिस तरह दुश्मन के इरादों को नेस्तनाबूद किया है, वह हमारी सैन्य शक्ति और राष्ट्रीय संकल्प का प्रतीक है। इस ऑपरेशन में पाकिस्तान की धरती पर मौजूद आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया और नौ आतंकवादियों को मौत के घाट उतारा गया। यह कार्यवाही सिर्फ एक जवाबी हमला नहीं, बल्कि उन माताओं-बहनों के आंसुओं का प्रतिशोध है, जिनका सिंदूर पहलगाम जैसी नृशंस घटनाओं में मिटा दिया गया था। जब निर्दोष लोगों के सामने उनके पति, बेटे, भाई को गोलियों से छलनी किया गया, तब देश की आत्मा रो पड़ी थी।

# पुलिस ने ग्राम रनबोड़ में चौपाल लगाकर ग्रामीणों से की बातचीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवागढ़

सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत जिले भर में चल रहे /"हमर पुलिस हमर बाजार एवं /"हमर पुलिस हमर गांव/" अभियान के तहत पुलिस प्रशासन द्वारा आमजन को जागरूक करने का सिलसिला जारी है। जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर आम जनता से सीधा संवाद स्थापित करना, उनकी समस्याओं को समझना तथा उनका त्वरित समाधान करना है।

इसी क्रम में बुधवार को थाना नवागढ़ की टीम द्वारा ग्राम रनबोड़ में चौपाल लगाकर ग्रामीणों से संवाद किया गया। इस चौपाल में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक अलील चंद, प्रधान आरक्षक गोपाल ध्रुव, आरक्षक अशोक तिर्की, राहुल दुबे एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे। टीम ने ग्राम जेवरा एन, मुरकुटा, सिवनी, झाल, गाडामोड़, प्रतापपुर, गनिया, हरदी, मुरता, खाम्ही सहित अनेक गांवों का भ्रमण किया। चौपाल के दौरान ग्रामीणों से सीधे बातचीत कर स्थानीय समस्याओं व शिकायतों को मौके पर ही सुना गया और तत्काल निराकरण के प्रयास किए गए। इसके साथ ही पुलिस अधिकारियों ने आमजन को साइबर फ्रॉड, फर्जी कॉल, ऑनलाइन ठगी, नशा मुक्ति, महिलाओं-बालिकाओं की सुरक्षा, लैंगिक अपराधों की पहचान व बचाव, यातायात नियमों के पालन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। टीआई अलील चंद ने बताया कि नशा केवल शारीरिक ही नहीं, बल्कि मानसिक, सामाजिक और आर्थिक स्तर पर भी व्यक्ति और समाज को हानि पहुंचाता है।

### साइबर अपराध, नशा मुक्ति, महिलाओं की सुरक्षा समेत कई मुद्दों पर दी गई महत्वपूर्ण जानकारी



**नशामुक्त जीवन की शपथ दिलवाई**

ग्रामवासियों से नशामुक्त जीवन की शपथ दिलवाई गई और उन्हें इसके दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया। उन्होंने साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करते हुए बताया गया कि किसी भी अनजान नंबर या लिंक पर क्लिक न करें, ओटीपी साझा न करें, और किसी भी तरह की ऑनलाइन ठगी की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचित करें।साथ ही महिलाओं और बालिकाओं से जुड़े अपराधों, मोबाइल से संबंधित खतरे और ऑनलाइन उत्पीड़न के संबंध में भी जागरूकता फैलाई गई। सुरक्षा ऐप्स और महिला हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी प्रदान की गई। यातायात नियमों को लेकर ग्रामीणों को समझाइश दी गई कि वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग करें, सीट बेल्ट लगाएं, तथा नियमों का पालन कर अपने और दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

### शिविर : बाल विवाह के दुष्परिणामों की दी गई जानकारी

# सुशासन तिहार छिरहा में बाल विवाह मुक्त और बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

ग्राम छिरहा में सुशासन तिहार के अंतर्गत बाल विवाह मुक्त बेमेतरा एवं बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ हस्ताक्षर अभियान का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। जिला स्तरीय टीम ने जनसमुदाय को अभियान के उद्देश्यों से अवगत कराते हुए हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से जागरूक किया। बाल विवाह उन्मूलन पर आशीष जायसवाल सीएचएल पर्यवेक्षक ने बाल विवाह के दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए उपस्थित लोगों से अपील की कि किसी भी बाल विवाह की स्थिति में तत्काल चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर सूचना दें। साथ ही, अभियान के तहत हस्ताक्षर कराकर लोगों को बाल विवाह रोकथाम के लिए शपथ दिलाई गई। मिशन शक्ति के अंतर्गत सेवंतिका साहू एवं तमन्ना जेंडर विशेषज्ञ द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जनसमुदाय से हस्ताक्षर कराए गए एवं बालिकाओं की शिक्षा और सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला गया।



**प्रेरित किया**

सखी वन स्टॉप सेंटर से रामेश्वरी साहू, पैरालिगल वकील एवं वीणा साहू, पैरालिगल कार्मिक ने सेंटर की सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी और महिलाओं एवं बालिकाओं को किसी भी प्रकार की हिंसा या संकट की स्थिति में सहायता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। यह अभियान जनसहभागिता के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामवासियों ने सक्रिय सहभागिता कर सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ अपनी प्रतिबद्धता जताई।

### मुरता, साजा एवं जेवरा में आज समाधान शिविर का आयोजन

**बेमेतरा।** सुशासन तिहार-2025 के अंतर्गत तीसरा चरण समाधान शिविर 8 मई जनपद पंचायत नवागढ़ के ग्राम मुरता के मिनी स्टेडियम / दशहरा मैदान में आयोजित होगा । इस क्लस्टर में मुरता सहित ग्राम पंचायत कामता, रनबोड़, घोघरा, मानिकपुर, मोतिमपुर, अतरगवां, गाडामोर, झाल, गांगपुर, बोरतरा, मोहतरा, हरमुड़ी, भैसामुडा, कौडिया, शामिल है । इसी प्रकार आज 8 मई को ही जनपद पंचायत साजा के ग्राम पंचायत जेवरा, स्कूल भवन में लगेगा । इसमें जेवरा सहित 12 ग्राम पंचायत कोपेडबरी, उमरवानगर, गोपालपुर, टिपनी, बनरांका, नवागांवकला, सौंरी, पतोरा, डंगनिया, खाती, हथमुड़ी को शामिल किया गया है । इन गाँवों के लोगों के सामने समाधान पेटी में दिए गए आवेदनों के निराकरण के संबंध में संबंधित अधिकारी बतायेंगे । 9 मई शुक्रवार को सिर्फ भी दो समाधान शिविर जनपद पंचायत बेरला के ग्राम खम्हरिया म. ग्राम पंचायत भवन में आयोजित होगा । इसमें खम्हरिया म. सहित 11 ग्राम पंचायत संण्डी, बहिंगा, डंगनिया ब, बहेरघट, सत्था, सिंधौरी, देवरबीजा, घोटमर्रा, खम्हरिया डी, भेड़नी शामिल किया गया है । वही जनपद पंचायत बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र नवागढ़ के ग्राम उमरिया हाई स्कूल, परिसर में आयोजित होगा । इस शिविर में उमरिया सहित 13 ग्राम पंचायत पचभैया, सुखाताल, करमतरा, लालपुर, कोदवा, सनकपाट, बहरबोड, जांता, बेरा, बेतर, चिल्फी, बंधी को शामिल किया गया है।

# श्रीमद भागवत के श्रोता सुदामा जी के चरित को सुनकर हुए भावविभोर



हरिभूमि न्यूज ⏭ नवागढ़

दर्रीपारा में आयोजित श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के छठवें दिन श्रद्धालुओं ने भक्ति और भावनाओं से परिपूर्ण सुदामा चरित्र का अमृतपान किया। सुप्रसिद्ध कथावाचक पंडित बिसाहू प्रसाद शर्मा ने जब भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की दिव्य मित्रता की कथा का वर्णन किया, तो वातावरण भक्तिरस से सराबोर हो गया और श्रोताओं की आंखें श्रद्धा से नम हो उठीं।

■ कथावाचक पं. बिसाहू प्रसाद शर्मा के वर्णन को सुनकर श्रोताओं की आंखें हुई नम

पंडित शर्मा ने कथा में बताया कि कैसे निर्धन ब्राह्मण सुदामा, अपनी पत्नी के आग्रह पर श्रीकृष्ण से मिलने द्वारका पहुंचे। उनके पास भेंट स्वरूप केवल थोड़े से चिउड़े (पोहे) थे, लेकिन उनका मन पूर्णतः निष्काम था। जब भगवान श्रीकृष्ण ने अपने बालसखा को देखा, तो वे राजमहल से नंगे पांव दौड़ते हुए आए, सुदामा को गले लगाया, उनके चरण धोए और उन्हें अपने सिंहासन पर बिठाया। इस प्रसंग में निहित त्याग, सच्ची मित्रता और निष्काम भक्ति ने श्रद्धालुओं के हृदय को गहराई तक स्पर्श किया।

कथा के दौरान अनेक श्रोता भावविभोर होकर अश्रुपूरित हो उठे। कथावाचक ने कहा कि जहां प्रेम और भक्ति होती है, वहां भौतिक अभाव कोई मायने नहीं रखते। भगवान केवल हृदय की शुद्धता को देखते हैं। कार्यक्रम में यजमान के रूप में नंदलाल जायसवाल, जीवन सिन्हा, रमेश सिन्हा, रामभरोस सिन्हा, भोला सिंह, राजा सिन्हा, संजय सिन्हा, रामप्रसाद सिन्हा, भुरूवा सिन्हा, गेंदु सिंहा, विनोद मिश्रा, खेलन यादव, चैनु यादव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# जिले के 97 प्रतिशत छात्रों को छात्रवृत्ति का भुगतान

**बेमेतरा।** जिले से कक्षा 3 से 12वीं तक के विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति वर्ष 2024-25 के लिए उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। जिले में कुल 70,375 विद्यार्थियों का पंजीयन छत्तीसगढ़ छात्रवृत्ति पोर्टल में किया गया, जिसमें 29,059 बालक एवं 41,316 बालिकाएँ शामिल हैं। अब तक इन विद्यार्थियों में से 97 प्रतिशत को छात्रवृत्ति की राशि का सफलतापूर्वक भुगतान किया जा चुका है।

शेष विद्यार्थियों का भुगतान उनके बैंक खाते में आधार सीडिंग न होने अथवा खाते में लेन-देन की सक्रियता न होने के कारण लंबित है। जिला प्रशासन ने संबंधित पालकों एवं शिक्षकों से अपील की है कि वे शीघ्रता से आधार सीडिंग का कार्य पूर्ण कराएं ताकि सभी पात्र विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का लाभ दिलाया जा सके। इसी प्रकार जिले में जाति, निवास एवं आय प्रमाण पत्र निर्माण का कार्य भी सफलतापूर्वक पूरा किया गया है। अब तक इस दिशा में 99 से 100 प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति कर ली गई है । इस अभियान में जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. कमल कपूर बंजारे, विकासखंड शिक्षा अधिकारी अरुण कुमार खरे, जयप्रकाश करमाकर, नीलेश चन्द्रवंशी,लोकनाथ बांधे तथा प्रकोष्ठ प्रभारी स्नेहलता महेश्वरी का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ है। जिला प्रशासन आगामी दिनों में भी शिक्षा एवं सामाजिक कल्याण के लक्ष्यों की पूर्ति हेतु प्रतिबद्ध है।

# ग्राम पंचायत लोहडंगिया में ट्रांसफर्मर खराब

**रायपुर।** ग्राम पंचायत लोहड़ंगिया के निवासियों को एक सप्ताह से बिजली के अभाव में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गांव का ट्रांसफार्मर विगत सात दिनों से खराब पड़ा है, जिसके कारण पानी की सप्लाई पूरी तरह से ठप हो गई है। सरपंच द्वारा बिजली विभाग में आवेदन भी दिया गया है, लेकिन सुधार नहीं हो पा रहा है।



## हाई स्कूल छिरहा के 84.53 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण

**कवर्धा।** शासकीय हाई स्कूल छिरहा ने दसवीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 84.53 प्रतिशत परिणाम दर्ज किया है। विद्यालय के कुल 97 विद्यार्थियों में से 82 सफल रहे, जिसमें 43 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी, 34 ने द्वितीय श्रेणी और 5 ने तृतीय श्रेणी में सफलता प्राप्त किया है। संस्था के प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने इस शानदार उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि छिरहा का परीक्षा परिणाम जिले के औसत 77.42 प्रतिशत से 7.11 प्रतिशत और राज्य के औसत 76.53 प्रतिशत से 8 प्रतिशत अधिक रहा है। यह विद्यालय के शिक्षकों और विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत का प्रमाण है। विद्यालय में अमन चंद्रोल ने 92.16 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, योगेश भट्ट 88.33 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय एवं रेशमा डहरिया 87.50 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया है। प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी, व्याख्याता कल्पना मरावी, रंजीता माहेश्वरी और वीणाक्षी नामदेव ने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया है।

# धर्मांतरण के चक्कर में फंसे जिले के बैगा आदिवासी अपने धर्म, कर्म व रीति रिवाज से हो रहे दूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शासन-प्रशासन और सनातन धर्म के ठेकेदारों की गैरजिम्मेदारी तथा अनदेखी के चलते कबीरधाम जिले में धर्मांतरण का खेल धड़ल्ले से चल रहा है। आलम ये है कि जिले भर में सक्रिय धर्मांतरण कराने वाले लोग बड़ी आसानी से भोले भाले बैगा आदिवासियों को बहला फुसलाकर तथा उन्हें छोटे बड़े प्रलोभन देकर न सिर्फ उनका धर्म परिवर्तन करा रहे हैं बल्कि इसके धर्म, कर्म, रीति, रिवाज, रहन-सहन तथा खान-पान से भी उन्हें विमुख रहे हैं। इसकी एक बानगी गत सोमवार को जिले के विकासखण्ड पंडरिया की वनांचल ग्राम पंचायत कांदावानी के आश्रित ग्राम ठेंगाटोला में देखने को मिली।



गौरतलब है कि बीते गुरूवार को यहां आकाशीय बिजली गिरने से ग्राम ठेंगाटोला निवासी अमर सिंह पिता दल सिंह बैगा आयु 35 वर्ष गंभीर रूप से झुलस गया था। इस घटना के बाद परिजनो ने प्राथमिक उपचार के तहत पीड़ित अमर सिंह को कोदों के नीचे दबा दिया था और बाद में 108 एम्बुलेंस के पहुंचने पर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुकदुर में दाखिल कराया गया। लेकिन चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद यहां से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पंडरिया रिफर कर दिया। लेकिन परिजनो की माने तो पंडरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भी अमर सिंह को समुचित उपचार नहीं मिल पाया और अस्पताल प्रशासन ने उसे जिला चिकित्सालय कवर्धा रिफर कर दिया। हद तो यह हो गई तथा कथित तमाम चिकित्सा सुविधाओं के साथ बर्न युनिट वाले जिला चिकित्सालय में भी पीड़ित अमर सिंह का ईलाज नहीं किया गया और उसे रायपुर मेकाहारा भेज दिया गया। जहां ईलाज के दौरान शनिवार को उसकी मौत हो गई। पीड़ित परिजनो की माने तो प्रदेश की राजधानी रायपुर में संचालित मेकाहारा अस्पताल में मृतक का मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के नाम पर अस्पताल प्रशासन के संबंधित कर्मचारियों ने उनसे दो हजार रूपए की मांग की गई और राशि देने के बाद मृतक का मृत्यु प्रमाण पत्र बनाया गया। मृतक का जैसे तैसे मृत्यु प्रमाण पत्र तो बन गया लेकिन अब उसका पीएम अटक गया। जिसके लिए परिजनो को घंटो भटकना भी पड़ा और यहां वहां धक्के भी खाने पड़े बाद में रायपुर के ही सोशल मीडिया से जुड़े कुछ लोगों ने पीड़ित परिवार की मदद की तब कहीं जाकर मृतक का पीएम हो पाया और शव को परिजन जैसे तैसे अपने गृह ग्राम ठेंगाटोला लेकर आए और मृतक का अंतिम संस्कार किया गया।

लेकिन ग्राम ठेंगाटोला के बैगा समाज से ताल्लुख रखने वाले इस शोकाकुल परिवार ने अपने मृतक परिजन का जिस ढंग और रीतिरिवाज से अंतिम संस्कार किया वह कई सवाल खड़े करने वाला था। बैगा समाज के मुखिया इतवारी माछीया का कहना है कि बैगा समाज में मृतक के शव का दाह संस्कार किया जाता है और यही हमारा मृतक कर्म है लेकिन जहां तक मृतक अमर सिंह के शव की बात की जाए तो उसे मसीह समाज के धर्म व कर्मो का पालन करते हुए न सिर्फ दफनाया गया बल्कि अन्य नियमों का भी पालन शोकाकुल परिवार द्वारा किया गया।

# मुरमुंदा भरूहाटोला स्कूल में सम्मान समारोह आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ मुरमुंदा

शासकीय प्राथमिक शाला-भरूहाटोला, संकुल उरईडबरी में 5 मई को प्रधान पाठक धनुष राम कंवर, शिक्षक संजीव कुमार चन्द्रवंशी के अगुवाई मे अंकसूची वितरण सह सम्मान समारोह आयोजित किए गए। जिसमें कक्षा 1 से 5वीं तक के बच्चों को अतिथियों के द्वारा तिलक गुलाल का अभिषेक कर अंकसूची सह मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही स्वच्छता,अनुशासन, सांस्कृतिक, खेलकूद, बागवानी एवं अधिक उपस्थिति वाले बच्चों के साथ-साथ कक्षा 1 से कक्षा 5वीं तक प्रथम द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को मेडल सह मोमेंटो भेट कर सम्मानित किया गया।

# गायत्री विद्यापीठ के परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गायत्री विद्यापीठ सीजी अंग्रेजी माध्यम के परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहे। 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम को लेकर विद्यार्थियों तथा शाला परिवार में खुशी का वातावरण बना हुआ है। कक्षा 10वीं के 85 विद्यार्थियों में से प्रथम मानसी साहू 96 प्रतिशत के साथ जिले में पांचवा स्थान प्राप्त की है। द्वितीय देव्यांश गौतम 94.8 प्रतिशत एवं तृतीय मृत्युंजय गुप्ता 94.16 प्रतिशत रहे।



कक्षा 12वीं के 96 विद्यार्थियों में से गणित संकाय में प्रथम वाणी चौहान 78 प्रतिशत, द्वितीय गौरव देवांगन 76.8 प्रतिशत, तृतीय ईशा सोनबरसा 76.2 प्रतिशत रहे। विज्ञान संकाय में प्रथम पायल कोटेचा 87 प्रतिशत, द्वितीय प्रतीक मेश्राम 85.8 प्रतिशत, तृतीय दीपिका कुमावत 83 प्रतिशत तथा वाणिज्य संकाय में प्रथम राशि रंगारी 93.8 प्रतिशत के साथ जिले में दूसरा स्थान प्राप्त की है। द्वितीय ऋषभ जैन 90 प्रतिशत, दृष्टि राठौर 89 प्रतिशत रहे।

शाला प्राचार्य पिंकी खंडेलवाल ने बताया कि विद्यार्थियों की मेहनत-लगन के साथ अभिभावक एवं शिक्षकों के प्रोत्साहन के कारण विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ता है। कड़ी मेहनत एवं सतत अभ्यास के कारण ही आज हम इस मुकाम पर पहुंचे हैं। इस अवसर पर बृजकिशोर सुरजन, राजेश जैन, संध्यादेवी सिंघल, सूर्यकान्त चितलांग्या, गगन लड्ढा, निकुंज सिंघल, नंदकिशोर सुरजन, सुषमा सुरजन, हरीश गांधी, रूपाली गांधी, अमित उत्तलवार, अनिल बाजपेयी, पिंकी खंडेलवाल, शैलजा नायर, सीमा श्रीवास्तव, वंदना डुंभरे, रश्मि ठाकुर, तामेश्वरी साहू, प्रणव दवे एवं मैनेजर तरणजीत सिंह टूटेजा ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते बधाई दी।

